तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 16 मई 2026



12 विधायक ने बिना मलद्वार के जन्मे मासूम के इलाज...





13 भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा स्थापना के 100 वर्ष...









## खबर संक्षेप

### केडीआमा रमनपुर में टीना शेड का लोकार्पण आज

**सुरसाबांधा/राजिम।** मुख्यमंत्री गोद ग्राम केडीआमा रमनपुर में 16 मई को विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में गांव में



आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान नवनिर्मित टीना शेड का लोकार्पण और नई सी.सी. रोड के निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न करेंगे। गौरतलब है कि केडीआमा रमनपुर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में बसाया गया एक गोद ग्राम है, जहां बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक द्वारा दो महत्वपूर्ण सौगातें क्षेत्र को समर्पित की जाएंगी टीना शेड का लोकार्पण और सी.सी. रोड का भूमिपूजन प्रमुख हैं। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, स्थानीय पंचायत पदाधिकारी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण माताएं, बहनें एवं युवा उपस्थित रहेंगे।

### जिला अस्पताल में कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर 18 मई को

**गरियाबंद।** जिला अस्पताल गरियाबंद में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन सोमवार 18 मई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक जिला चिकित्सालय गरियाबंद में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न ने बताया कि शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कैंसर के सभी संदेहास्पद मरीजों जांच की जायेगी तथा महिलाओं के स्तन कैंसर के लिए मेमोग्राफी जांच व गर्भाशय के कैंसर के लिए पेप स्मीयर द्वारा जाँच भी शिविर स्थल पर उपलब्ध रहेगी।

### आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रारंभ

**गरियाबंद।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर, गरियाबंद में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रवेश के लिए प्रतिभावान खिलाड़ी विद्यार्थियों से बैटरी टेस्ट के लिए पंजीयन प्रक्रिया 14 मई 2026 से प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ी निर्धारित अवधि में ▶▶शेष पेज 12 पर

**पेट्रोल-डीजल के लिए उमड़ी भारी भीड़**





**कोपरा।** तरीघाट-कोपरा पेट्रोल पंप में इन दिनों पेट्रोल-डीजल लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पेट्रोल नहीं मिलने की खबर फैलते ही किसान, वाहन मालिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग अपनी गाड़ियों के साथ-साथ बड़े-बड़े डिब्बों में भी पेट्रोल-डीजल पैक कराकर ले जा रहे हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक पेट्रोल पंप में लंबी कतारें लगी हुई हैं। घंटों इंतजार के बाद लोगों को पेट्रोल मिल पा रहा है। खेती-किसानी के कार्यों में लगे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर व अन्य वाहनों के लिए डीजल की आवश्यकता बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो हालात काबू से बाहर हो सकते हैं। लगातार बढ़ती भीड़ के कारण पेट्रोल पंप परिसर में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ईंधन की किल्लत : दोपहिया में 300 व चारपहिया वाहनों को 1 हजार रुपए तक का ही मिलेगा पेट्रोल

# जेरीकेन-बोतल पर पेट्रोल-डीजल प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

पेट्रोल डीजल संकट पर कलेक्टर बीएस उइके ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति नियमित होने तक जमाखोरी एवं अव्यवस्था की आशंका के कारण जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए है कि दोपहिया वाहनों में अधिकतम 300 रुपये तथा चारपहिया वाहनों में 1000 रुपये तक का ही पेट्रोल दिया जाएं। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री ड्रम, जेरीकेन अथवा बोतलों में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। कलेक्टर श्री उइके ने कहा है कि निर्देशों का उल्लंघन करते हुए ईंधन का विक्रय पाएं जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा एम्बुलेंस सहित अन्य अत्यावश्यक सेवाओं में उपयोग होने वाले वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़

**फिंगेश्वर।** 14 मई को खाड़ी युद्ध को लेकर पेट्रोल डीजल की देश के अंदर कमी होने के आसार एवं अफवाह को लेकर नगर के पेट्रोल पंप मे वाहनधारियों की कतार लग गई देखते देखते हजारों लीटर पेट्रोल की खपत हो गई जिसको जितना लगा लोग अपनी अपनी सहूलियत के हिसाब से पेट्रोल भराकर पंप से निकलते गये। पेट्रोल पंप के बेतहाशा ▶▶शेष पेज 12 पर



### पंपों पर लगीं लंबी कतारें, फुल टैंक की मची होड़



**राजिम।** शहर से लेकर गांव तक एक खबर हवा की तरह फैली हुई है कि पेट्रोल और डीजल खत्म होने वाला है। फिर क्या था, जिसने सुना वह सीधे पेट्रोल पंप की ओर दौड़ लगा लिए। देखते ही देखते सभी पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। रात गहराती रही, लेकिन वाहनों की लाइन कम होने का नाम नहीं ले रही थी। किसी के हाथ में बाइक की चाबी थी तो कोई कार लेकर परिवार समेत पहुंच गया। हर चेहरे पर एक ही चिंता साफ दिखाई दे रही थी कहीं सुबह तक पेट्रोल खत्म न हो जाए। जो लोग रोजमर्रा में 50 या 100 रुपये का पेट्रोल डलवाकर काम चला लेते थे, वे भी इस बार फूल टंकी की मांग करते नजर आए। बाइक सवार बार-बार मीटर की ओर देख रहे थे, वहीं कार चालक पूरी टंकी भरवाने में जुटे रहे। कई जगहों पर तो ऐसा माहौल बन गया मानों किसी बड़े संकट की आहट हो। रात करीब 11 बजे के बाद भी पेट्रोल पंपों पर रौनक कम नहीं हुई। गांवों से लोग मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर लेकर पहुँचते रहे।

## डीजल संकट से थमी हार्वेस्टर की रफ्तार खेतों में अधूरी छूटी रबी फसल की कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पेट्रोल पंपों पर ताले लटक गए हैं। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है और अब इसका सबसे बड़ा असर खेतों में दिखाई देने लगा है जहां रबी धान की कटाई बीच में ही रुक गई है। डीजल के अभाव में खेतों में दौड़ रही हार्वेस्टर मशीनें अचानक बंद हो रही हैं, जिससे किसानों के सामने फसल बचाने का संकट खड़ा हो गया है। गरियाबंद जिले के कई पेट्रोल पंपों में ईंधन खत्म होने के कारण आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ किसान भी गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। जिले में इन दिनों रबी सीजन की धान कटाई जोरों पर है और अधिकांश किसान हार्वेस्टर मशीनों के सहारे कटाई कार्य कर रहे हैं। लेकिन डीजल संकट ने इस पूरी व्यवस्था को ठप कर दिया है। किसानों ने बताया कि सुबह मशीनें खेतों में सामान्य रूप से काम कर रही थीं लेकिन दोपहर तक डीजल खत्म



होने से कई हार्वेस्टर बीच खेत में ही बंद हो गईं। मजबूरी में मशीन मालिकों और किसानों को जैसे-तैसे डीजल की व्यवस्था कर मशीनों को खेतों से बाहर निकालना पड़ा। किसान रामलाल सोनवानी, परदेशी राम कंवर और रामकुमार यादव ने बताया कि फसल कटाई की शुरुआत ही हुई थी कि डीजल संकट ने सारी योजनाओं पर पानी फेर दिया। अब चिंता इस बात की है कि बाकी फसल की कटाई समय पर कैसे पूरी होगी।

**बारिश से होगी फसल को भारी नुकसान-** भीषण गर्मी के कारण पहले से ही खेतों में मजदूरों की कमी बनी हुई है। ऐसे में मशीनों का बंद होना किसानों के लिए दोहरी मार साबित हो रहा है। ऊपर से मौसम की अनिश्चितता ने चिंता और बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि यदि अचानक बारिश हो गई तो खड़ी और कटी दोनों फसल को भारी ▶▶शेष पेज 12 पर

## तहसीलदार और थानेदार के बीच लेटर वॉर

### अवैध वसूली मामले में एफआईआर को लेकर उलझा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

शहर में तहसीलदार और थानेदार के बीच एक एफआईआर को लेकर आपस में जो पत्राचार चल रहा है यह पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला है ग्राम दुलना में अवैध रेत परिवहन और कथित रूप से अवैध वसूली का। इस मामले को लेकर तहसीलदार ने थाना प्रभारी को सीधे एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी ने तहसीलदार को पत्र लिखकर थाने में उपस्थित होकर एफआईआर दर्ज कराने कहा। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक समन्वय, अधिकार क्षेत्र और कार्रवाई की गंभीरता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय नवापारा द्वारा क्रमांक 118/वा./तह./2026, दिनांक 8 अप्रैल को थाना प्रभारी नवापारा को पत्र प्रेषित किया गया था। पत्र में उल्लेख किया गया कि 1 फरवरी 2026 को ग्राम दुलना में अवैध रेत परिवहन की जांच के दौरान एक झोपड़ीनुमा मकान में कुछ लोगों को रेत से भरे वाहनों से कथित रूप से अवैध वसूली करते हुए पकड़ा ▶▶शेष पेज 12 पर

## 9 नग बेशकीमती हीरों के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार को अवैध हीरा कारोबारियो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक बड़ी सफलता प्राप्त किया है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार 14 मई को अवैध हीरा परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ था। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मैनपुर शिवशंकर हुर्रा एवं स्पेशल टीम के द्वारा घटना स्थल रवाना हो कर मुखबीर द्वारा बताये गये घटना स्थल जीरो पांईट सीकासार जाने का रास्ता के पास एक महिला एवं दो पुरूष अपने पास अवैध रूप से बहुमुल्य हीरा जैसा चमकीला खनिज पदार्थ रख कर ग्राहक का इंतजार करते ▶▶शेष पेज 12 पर

### सफेद मार्बल और राजस्थानी नक्काशी से सजेगा मंदिर

# 40 लाख की लागत से बनेगा श्रीराम मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर की प्राचीन एवं धार्मिक संस्था मानस यज्ञ समिति अपने स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव मना रही है। इस विशेष अवसर पर नगर के प्रसिद्ध भगवान श्री राम-जानकी मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए लगभग 40 लाख रुपये की लागत से नए मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है। इस खबर से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में स्थापित भगवान श्रीराम, जानकी एवं लक्ष्मण जी के विग्रह को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद अस्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थापित किया जाएगा, जिसके पश्चात उसी स्थल पर नए भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ



होगा। मंदिर निर्माण में सफेद मार्बल का उपयोग किया जाएगा तथा राजस्थान से आए अनुभवी कारीगरों द्वारा मंदिर को आकर्षक एवं पारंपरिक शैली में तैयार किया जाएगा। मंदिर के कुछ पत्थरों एवं नक्काशी का कार्य



राजस्थान में किया जाएगा, वहीं कई कलात्मक कार्य स्थानीय मानस मंदिर परिसर में ही कारीगरों द्वारा संपन्न किए जाएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर निर्माण का उद्देश्य केवल एक धार्मिक भवन बनाना नहीं, बल्कि इसे क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का केंद्र बनाना है। वर्षों से मानस यज्ञ समिति द्वारा प्रति वर्ष विशाल मानस यज्ञ एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें क्षेत्र के लगभग 60 से 70 गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। लंबे समय से श्रद्धालुओं की इच्छा थी कि यहां भगवान श्रीराम का एक भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्मित हो। अब समिति द्वारा इस संकल्प को साकार किया जा रहा है। मानस यज्ञ समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ओंकार शाह ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में रामभक्ति का वातावरण बना हुआ है। ऐसे समय में मानस मंदिर के 75 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण प्रारंभ होना हम ▶▶शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### इंद्रज द्विवेदी ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में पाए 92.20% अंक

**नवापारा-राजिम।** सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में दावरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पटेवा में अध्यनरत इंद्रज द्विवेदी ने 92.20 अंक प्राप्त कर नगर का एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि इंद्रज द्विवेदी ने दावरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पटेवा नवापारा, अभनपुर एवं रायपुर तीनों ब्रांच में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। बचपन से ही होनहार छात्र ने सन 2024 में कक्षा दसवीं में भी 94 अंक प्राप्त किया था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, लगन एवं माता-पिता तथा शिक्षकों को दिया है। विदित होगी उनके पिता लाखेश्वर द्विवेदी शासकीय हाई स्कूल जेंजरा में विगत 15 वर्षों से प्रभारी प्राचार्य हैं एवं उनकी माता हितेश्वरी द्विवेदी मिडिल स्कूल पारागांव में प्रधानपाठक हैं। उनके इस उपलब्धि पर सभी खुश हैं। विप्र कुल नवापारा नगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, स्कूल की प्राचार्य खान मैम, विशेसर हिरवानी, जग्गा द्विवेदी, रंजीत दुबे शामिल है।



### सुकृति तिवारी को 12वीं बोर्ड परीक्षा में मिले 84.40% अंक

**नवापारा-राजिम।** कक्षा 12वीं सीबीएसई की छात्रा सुकृति तिवारी ने 84.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। छात्रा सुकृति, गोविंदप्रसाद तिवारी की नातिन एवं रेणुका कैलाश तिवारी की सुपुत्री है। सुकृति ने अपनी शिक्षा दावरा इंटरनेशनल स्कूल पटेवा से प्राप्त की। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है।



**विडंबना : सड़क और नाले पर पुलिया न होने से ग्रामीणों का सफर आज भी जोखिम भरा**

# करोड़ों का पुल बना शोपीस, महज 1 किमी का सफर, तय करना पड़ता है 6 किमी का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

गरियाबंद जिले के लोहरसी और मुरमुरा पैडगरी मार्ग में सड़क की मांग बता दे की एक ओर जहां लोहरसी सरगी नदी पर करोड़ों रुपये की लागत से विशाल पुल का निर्माण कराया गया है, वहीं दूसरी ओर ग्राम मुरमुरा से पुल तक पहुंचने के लिए सड़क और आगे नाले पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ों रूपये का पुल बनकर तैयार तो हो गया, लेकिन रास्ता अधूरा होने के कारण आज भी लोगों के लिए यह पुल केवल "शोपीस" बनकर खड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में मुरमुरा नाला उफान पर आ जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है। दोनों गांवों का संपर्क टूट जाता है और लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, किसानों और मरीजों को झेलनी पड़ती है। आगे ग्रामीणों ने बताया कि लोहरसी से मुरमरा इस मार्ग से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, लेकिन सड़क और पुल नहीं होने के कारण लोगों को करीब 6 किलोमीटर लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ता है। यदि इस मार्ग पर पक्की सड़क और नाले में पुल का निर्माण हो जाए तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और समय व दूरी दोनों की बचत होगी।








मुख्यमंत्री जनदर्शन पहुंचे मुरमुरा के ग्रामीण करोड़ों के पुल को सड़क से जोड़ने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

### धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्ग

यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी रास्ते से प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घटारानी और झरझरा तथा जतमई तक पहुंचना आसान हो सकता है। वर्तमान में खराब रास्ते और नाले में पुल नहीं होने के कारण पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च कर पुल तो बना दिया गया, लेकिन उसे जोड़ने वाली मूलभूत सड़क और पुलिया निर्माण की ओर जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा। अब ग्रामीण शासन-प्रशासन से जल्द सड़क और पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं ताकि वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिल सके।

## विधायक ने बिना मलद्वार के जन्मे मासूम के इलाज का उठाया जिम्मा डीकेएस में होगा ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजनीति जब सेवा का माध्यम बनती है तो वह समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में उजियारा लेकर आती है। कुछ ऐसी ही संवेदनशीलता राजिम विधायक रोहित साहू ने पेश की है। गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह के रहने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के तीन वर्षीय मासूम युवराज नेताम के उपचार के लिए विधायक रोहित साहू सामने आए हैं। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले कमार जनजाति का यह मासूम जन्म से ही एनोरेक्टल मालफॉर्मेशन अर्थात मलद्वार न होने की गंभीर और जटिल बीमारी से ग्रसित हैं। पिछले तीन वर्षों से उसके गरीब माता-पिता इलाज के लिए दर-दर भटक रहे थे। आर्थिक तंगी और जानकारी के अभाव में बच्चे की तकलीफ बढ़ती जा रही थी। समाचार पत्र एवं भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि के माध्यम से जैसे ही यह मामला राजिम विधायक रोहित साहू के संज्ञान में आया उन्होंने तत्काल सक्रियता दिखाई। जिला कलेक्टर एवं स्वास्थ अधिकारी से चर्चा कर बच्चे को तत्काल रायपुर लाने के लिए निर्देशित किया। विधायक के विशेष प्रयासों से बच्चे को तत्काल राजधानी रायपुर के प्रतिष्ठित डीकेएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। विधायक ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर बच्चे का हाल चाल जाना और डॉक्टरों की टीम से चर्चा कर उपचार की बारीकियों के विषय में चर्चा की। अस्पताल प्रबंधन और विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार युवराज का कल एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन किया जाएगा।

# ग्रामीण साल बीज संग्रहण करने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

क्षेत्र के ग्रामीण साल बीज संग्रहण करने में लग गए हैं। समूह में जाकर साल बीज इकट्ठा करने का काम चल रहा है। गरियाबंद जिले की साल बीज की डिमांड विदेशों में भी है। साल बीज का निर्माण विशेषकर साबुन और शक्ति वर्धक दवाइयों बनाने में होता है। इस बार साल बीज का संग्रहण समर्थन मूल्य ए ग्रेड प्रति किलो 20 रूपए और बी ग्रेड 18 रूपए प्रति किलो खरीदी किया जाएगा। वहीं खुलें बाजार में वनोपज व्यापारी और कोचिया सग्रहणकर्ता से कम मूल्य पर खरीदी कर लेते हैं, जिससे संग्राहकों का शौषण होता है। वन परिक्षेत्र में हो रहे संग्राहकों की शौषण को रोकने के लिए स्व सहायता समूह के माध्यम से साल बीज समर्थन मूल्य पर खरीदी करते हैं। खरीदी के बाद जो आमदनी होगी वह स्व सहायता समूह को होगी।



क्षेत्र में मई, जून के महीने में साल बीज का संग्रहण शुरू हो जाता है। ग्रामीण परिवारों द्वारा वनों में गिरे हुए बीजों को इकट्ठा करने का कार्य किया जाता है, जिन्हें बाद में न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) पर स्व सहायता समूह और समितियों के माध्यम से खरीदा जाता है। रसेला समिति के प्रबंधक केशव यादव ने बताया कि साल बीज खरीदी एक या दो सप्ताह के बाद प्रारंभ किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इकट्ठा किए गए बीजों को साफ जमीन पर फैलाकर दो तीन दिनों के लिए सुखाया जाता है, इसके बाद लकड़ी की छड़ी से पीटकर बीजों के पंख अलग कर लिए जाते हैं, बीजों को सीलन और पानी से बचाकर जूट की बोरियों में जमीन से ऊपर संग्रहित किया जाता है। इन बीजों का उपयोग मुख्य रूप से तेल निकालने और स्थानीय स्तर पर विभिन्न उत्पादों में किया जाता है।

## अभाविप नवापारा इकाई ने चलाया सकोरा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चिलचिलाती गर्मी में पक्षियों के लिए जल प्रबंधन हेतु हमर चिरई, हमर चिन्हारी अभियान के तहत विद्यालयों व महाविद्यालयों में पक्षियों के लिए सकोरा में दाना व पानी रखा गया। अभाविप केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एस.एफ.डी. सेवार्थ जैसे कई माध्यमों से सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रहा है। गर्मी के मौसम में जल के अभाव के कारण पक्षियों को जीवन निर्वाहन में अत्यधिक कठिनाई होती है, ऐसे में इस प्रकार की छोटी-छोटी पहल भी जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है। पेड़-पौधों की लगातार कटाई से पक्षियों व वन प्राणियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए। गर्मी का मौसम पक्षियों के लिए बहुत ही कष्टदायक होता है। इनको बचाने के लिए हम सभी को थोड़ा-थोड़ा प्रयास करना चाहिए। कम से कम एक सकोरा पानी व अनाज के कुछ दाने छायादार स्थान में रखना चाहिए, जिससे कि पक्षियों की जान बच सकें। पशु-पक्षियों का पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका होता है, मानव हस्तक्षेप से इनकी संख्या कम होती जा रही है। वहीं कुछ प्रजाति की पक्षियां तो विलुप्त होती जा रही है। इस अभियान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक साहू, अभिषेक कंसारी, धर्मेन्द्र साहू, श्लोक शर्मा, हर्षित कंसारी, कुनाल साहू, दक्ष साहू, पूनम साहू, प्रियंका महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



## उरला-पचेड़ा मार्ग के नाले में मिला ग्रामीण का शव, जांच में जुटी पुलिस

**अभनपुर।** उरला से पचेड़ा मार्ग के बीच स्थित नाले में शुक्रवार सुबह एक ग्रामीण का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह स्थानीय लोगों ने नाले के पानी में एक बाइक गिरी हुई देखी। संदेह होने पर जब लोग पास पहुंचे तो नाले के भीतर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान ग्राम गिरोला निवासी गंगादीन साहू (57 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गंगादीन साहू बारूद फैक्ट्री में कार्यरत थे और उनकी ड्यूटी सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक थी। गुरुवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद भी जब वे घर नहीं पहुंचे, तब परिजनों को चिंता हुई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिवार और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। रात करीब 12 बजे परिजनों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## पेज 11 के शेष...

### पेट्रोल पंपों पर...

भीड़ को लेकर फिंगेश्वर पुलिस भी सजग रही। पंप पर पुलिस बल भी शांति एवं यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। 15 मई को पेट्रोल के रेट में 3 रूपये की वृद्धि होने के बावजूद उपभोक्ता पेट्रोल भरने में तन मन से लगा रहा। पेट्रोल- डीजल की साल्टेजी को लेकर अक्सर देखा जाता है कि लोग काला बाजारी करने से नहीं चुकते। जरकीन से लेकर अन्य साधनों मे पंप पहुंचकर जमाखोरी में लग जाते हैं। अभी भीषण गर्मी चल रही है जमाखोरी के साथ- साथ अग्निकांड का अंदेशा बना रहता है।

### डीजल संकट से...

नुकसान हो सकता है। गरियाबंद, छुरा, राजिम, फिंगेश्वर, कोपरा और पाण्डुका क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर भूमि पर रबी धान की खेती की गई है जो अब ईंधन संकट की चपेट में है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है, ताकि फसल कटाई प्रभावित न हो और उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। यदि जल्द नहीं सुधरा हालात तो डीजल संकट किसानों की मेहनत पर भारी पड़ सकता है।

### आदिवासी बालक क्रीड़ा...

अपना पंजीयन करा सकते हैं। विद्यार्थियों का चयन खेल दक्षता एवं शारीरिक क्षमता के आधार पर आयोजित बैटरी टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा। विभाग द्वारा बैटरी टेस्ट की संभावित तिथि जून 2026 निर्धारित की गई है। जिसकी विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी। पंजीयन के समय अभ्यर्थियों को पूर्व वर्ष की अंकसूची एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री लोकेश्वर पटेल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। बैटरी टेस्ट की तिथि, समय एवं अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, जिला गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।

### तहसीलदार और थानेदार...

गया। मौके पर कथित रूप से वसूली डायरी एवं रसीद बुक भी बरामद होने की बात कही गई। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर के दिए निर्देश थे। तहसील कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि यह वसूली ग्राम विकास समिति के माध्यम से कराई जा रही थी। मामले में समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नामों का भी उल्लेख किया गया। तहसील प्रशासन ने थाना प्रभारी से प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने कहा। लेकिन इसके बाद थानेदार ने जवाबी पत्र भेजा। थाना प्रभारी द्वारा तहसीलदार को भेजे गए पत्र में कहा गया कि आप 4 मई 2026 से 8 मई 2026 के मध्य थाना में उपस्थित होकर एफआईआर दर्ज कराने का कष्ट करें। **दफ्तर से चौपाल तक चर्चा-** रेत परिवहन और कथित अवैध वसूली का यह मामला अब प्रशासनिक गलियारों से निकलकर नगर की चौपालों तक पहुंच चुका है। आमजन की नजर अब इस बात पर टिकी है कि आखिर इस पूरे प्रकरण में कार्रवाई कब होगी और जिम्मेदारी किस स्तर पर तय की जाएगी। इस संबंध में थानेदार दीपेश जायसवाल ने अपना पक्ष रखते हुए हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि किसी भी मामले में एफआईआर तभी होगी जब संबंधित पक्ष थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाएगा। तहसीलदार साहब अब तक रिपोर्ट लिखाने नही आए है इसलिए रिपोर्ट नही लिखी जा सकी है।

### 9 नग बेशकीमती...

खडे थे। पुलिस टीम एवं गवाह के साथ घटना स्थल पहुच कर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर मौके पर आरोपी महिला 01) भानुमति यादव की तलाशी लेने पर कब्जे से 05 नग, आरोपी कुशल नेताम के कब्जे से 02 नग, आरोपी अर्जुन पाण्डे के कब्जे से 02 नग कुल 09 नग छोटे बडे चमकीले बहुमुल्य खनिज पदार्थ किमती 4,50,000 रुपए को समक्ष गवाहन के विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस, 21(4) खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के महिला आरोपी 01) भानुमति यादव पति घासीराम यादव उम्र 38 वर्ष ग्राम मोहंदा थाना मैनपुर जिला गरियाबंद 02) कुशल नेताम पिता दलगंजन नेताम उम्र 25 वर्ष ग्राम पीपल कन्हार थाना पीपरछेड़ी जिला गरियाबंद, 03) अर्जुन पाण्डे पिता लैबानो पाण्डे उम्र 51 वर्ष साकिन बेगरपारा थाना मैनपुर जिला गरियाबंद के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मैनपुर पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सिकासार जाने वाले मार्ग जीरोचैन के पास यह कार्यवाही किया है और 09 नग छोटे बडे चमकीले बहुमुल्य खनिज पदार्थ किमती 4,50,000 रूपये जब्त किया गया है।

### 40 लाख की...

सभी के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर आने वाले समय में क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा से जोड़ने का कार्य करेगा। समिति द्वारा बताया गया कि 16 मई शनिवार को विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में स्थापित विग्रह को स्थानांतरित किया जाएगा तथा उसी दिन से निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। मंदिर निर्माण में क्षेत्र के दानदाताओं, श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों का विशेष सहयोग रहेगा। **आस्था और सामाजिक एकता का केंद्र-** इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ओंकार शाह, उपाध्यक्ष यशपेन्द्र शाह, बजरंग पांडेय, सचिव शीतल ध्रुव, नथमल शर्मा, मंत्री लखन तिवारी, कोषाध्यक्ष टंकेश्वर देवांगन, बिसेसर दीवान सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गोपाल सोनी, विनोद देवांगन, मिथिलेश सिंहा, मनहरण पटेल, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, कमलेश साहू, ओम प्रकाश यादव, हिरालाल साहू, अर्जुन धनंजय, धनंजय शुक्ला, ओमप्रकाश द्विवेदी, शिव निर्मलकर, यश सिंहा, निखिल साहू, डिगेश्वरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। नगरवासियों ने मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक पहल बताते हुए खुशी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि यह मंदिर न केवल धार्मिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा बल्कि छुरा नगर की पहचान और गौरव को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## शोक-पत्र



# स्व. श्री दीनबंधु शर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे बड़े भाई श्री दीनबंधु शर्मा पिता स्व. अवधेश शर्मा (परसदा जोशी वाले) का आकस्मिक निधन दिनांक 07.05.2026 गुरूवार को हो गया है। जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है -

**कार्यक्रम**
दशगात्र : दिनांक 16.05.2026, शनिवार, स्थान : प्रयागराज (इलाहाबाद) में संपन्न होगा।
तेरहवीं एवं शांति भोज : दिनांक 19.05.2026, मंगलवार
समय : दोपहर 01 बजे से शाम 06 बजे तक.
स्थान : विप्र भवन, एफ.सी.आई. के पास, रायपुर रोड, नवापारा

अत: उक्त कार्यक्रम में आप सपरिवार पधारकर मृतात्मा को शांति प्रदान करें। टीप - कृपया किसी भी प्रकार का व्यवहार साथ ना लावें।

**विनीत -**
दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा
नरेश शर्मा, राकेश शर्मा
एवं समस्त परिवार परसदा जोशी वाले

**शोकाकुल-**
श्रीमती इंद्राणी शर्मा (पत्नी)
समीर शर्मा (पुत्र)

टीप : जिन्हे शोक पत्र ना मिल पाया हो इसे ही स्वीकार करें

## खबर संक्षेप

### श्री श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आज



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर स्थित श्री श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर मे 16 मई को महासयोग शनिश्चरी अमावस्या श्री शनि जयंती के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना एवं भंडारा का आयोजन रखा गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि 16 मई दिन शनिवार को प्रातःकाल पंचामृत स्नान एवं तैलाभिशेक 10 बजे श्री शनिपाठ दोपहर 12 बजे धूप आरती भंडार भोग एवं भंडारा आयोजन एवं शाम 4 बजे अभिशेक एवं श्री शनि हवन शाम 5 बजे हरिनाम सकिर्तन रात्रि 7 बजे से महाआरती का आयोजन किया गया है जिसमे सभी को सादर आमंत्रित किया गया है।

### पेंशन हितग्राहियों को डीएलसी सत्यापन करना अनिवार्य

**गरियाबंद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के सभी हितग्राहियों के लिए डी.एल.सी. सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर ने बताया कि हितग्राही अपने ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालय से संपर्क कर एंड्रॉइड मोबाइल के प्ले स्टोर पर उपलब्ध बेनिफिसरी सत्यापन एप के माध्यम से डीएलसी सत्यापन करा सकते हैं।
इसके अतिरिक्त हितग्राही मोबाइल एप डाउनलोड कर पंजीयन के बाद अपना सत्यापन स्वयं कर सकते हैं। जिन हितग्राहियों का सत्यापन अभी शेष है, वे समय रहते प्रक्रिया पूर्ण कर लें। जिससे उन्हें नियमित रूप से पेंशन राशि प्राप्त होती रहे। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि वे शीघ्र अपना सत्यापन पूर्ण करा लें।

**आस्था :** भगवान श्री 1008 शांतिनाथ जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभायात्रा

# भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण, शताब्दी महोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवान श्री 1008 शांतिनाथ भगवान की मूलनायक प्रतिमा के दिगम्बर जैन मंदिर में स्थापित होने के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन मुनि श्री आगम सागर महाराज, मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज,झलक मुनि धैर्य सागर महाराज एवं एलक मुनि श्री स्वागत सागर महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। पूरे नगर में धर्म मय वातावरण देखने को मिला तथा समाज जनों में विशेष उत्साह रहा। प्रातःकाल मंदिर जी में विधि विधान से भगवान शांतिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं आरती सम्पन्न हुई। इसके पश्चात विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान शांतिनाथ जी की आकर्षक प्रतिमा सुसज्जित रथ में विराजमान थी। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।





### भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

प्रातः लगभग 7 बजे दिगम्बर जैन मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नगर के कुम्हारपारा, बस स्टैंड, गेझ रोड, पुरानी सब्जी मंडी, सदर रोड एवं गांधी चौक सहित विभिन्न मार्गों से होकर पुनः मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की गई तथा जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा में सबसे आगे दो ढोल दल आकर्षक प्रस्तुति दे रहे थे। उनके पीछे सफेद घोड़े पर सवार युवा ध्वज लेकर चल रहा था, जो सभी के आकर्षण का केंद्र बना। इसके बाद 10 से 15 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं का ध्वज वाहक समूह अनुशासित रूप में चल रहा था। बैण्ड पार्टी द्वारा मंगल धुनें प्रस्तुत की जा रही थीं। 6 से 9 वर्ष तक के बच्चों का गुलदस्ता समूह हाथों में पुष्प लिए चल रहा था, जिसने शोभायात्रा की सुंदरता बढ़ा दी। महिलाओं का 24 कलश समूह एक जैसी वेशभूषा में सिर पर कलश धारण किए हुए चल रहा था। कलशों में हल्दी, सुपारी एवं पीली सरसों रखी गई थी, जो मंगल और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। नई बहुओं द्वारा प्रस्तुत 24 छतरी टीम नृत्य शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा। रंग-बिरंगी वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य करती महिलाओं ने सभी का मन मोह लिया। इसके पीछे शुद्धिकरण समूह की महिलाओं द्वारा जलक्षेपण, पीली सरसों क्षेपण एवं गुलाल क्षेपण किया जा रहा था, जिससे वातावरण आध्यात्मिक एवं पवित्र बना रहा। मांगलिक कन्याओं द्वारा डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं सफेद वेशभूषा में पुरुषों द्वारा शास्त्र पालकी लेकर चलना श्रद्धा और संस्कृति का अनुपम उदाहरण बना। विभिन्न वाहनों पर सजाई गई पाँच झांकियों में छोटे बच्चों ने धार्मिक पात्रों का मनमोहक अभिनय प्रस्तुत किया। शोभायात्रा में 50 पुरुष इन्द्रों की वेशभूषा में शामिल हुए, जिन्होंने धार्मिक वातावरण को और भव्य बना दिया।

### भगवान शांतिनाथ का जीवन परिचय

मुनि श्री आगम सागर महाराज जी ने भगवान शांति नाथ जी जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिगम्बर जैन परंपरा के अनुसार भगवान श्री 1008 शांतिनाथ 16वें तीर्थंकर माने जाते हैं। उनका जन्म हस्तिनापुर नगरी में इक्ष्वाकु वंश में हुआ था। उनके पिता राजा विश्वसेन एवं माता महारानी अचिरा देवी थीं। भगवान के गर्भ में आने से पूर्व माता ने शुभ स्वप्न देखे थे, जिन्हें जैन धर्म में महान आत्मा के आगमन का संकेत माना जाता है। भगवान शांतिनाथ के जन्म के समय राज्य में चारों ओर शांति स्थापित हुई थी, इसी कारण उनका नाम शांतिनाथ रखा गया। युवावस्था में उन्होंने राजपाट संभाला, परंतु सांसारिक वैभव से विरक्त होकर कठोर तपस्या का मार्ग अपनाया। दीर्घकालीन तप एवं साधना के पश्चात उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई। अंततः सम्मेद शिखर जी में उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। जैन समाज में भगवान शांतिनाथ को शांति, त्याग, तपस्या और अहिंसा का प्रतीक माना जाता है।

# ग्रीष्मकालीन योग शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नया रायपुर सेक्टर-29 स्थित उद्यान परिसर में सुख शांति समाधान संस्था द्वारा आयोजित 18 दिवसीय ग्रीष्मकालीन योगाभ्यास शिविर का समापन हुआ। शिविर में शामिल बच्चों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का आकर्षक प्रदर्शन कर उपस्थित अभिभावकों और नागरिकों को प्रभावित किया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और मानसिक मजबूती का महत्व बताया। साथ ही मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभावों से बचने और नियमित योगाभ्यास अपनाने की प्रेरणा दी। अभिभावकों ने बताया कि शिविर के बाद बच्चों की दिनचर्या और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, स्वास्थ्य और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक एवं संस्कारमूलक कार्यक्रम जारी रखने की बात कही गई।

# जामवाल ने किया भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत रायपुर जिला ग्रामीण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को चंपारण में प्रारंभ हुआ। वर्ग का उदघाटन क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहब, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, वर्ग प्रभारी संदीप शर्मा, अभियान के प्रदेश संयोजक अवधेश जैन, जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी, विधायक इंद्रकुमार साहू, जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी पटेल, संजय ढीढी आदि उपस्थित हुए। खास बात यह रही कि चंपारण में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग के सभागार में पहुंचने के लिए अशोक बजाज सहित अनेक पदाधिकारी ई रिक्शा का इस्तेमाल किया।



प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022
दीपक साहू, संवाददाता, सुरसाबांधा, मो. 8959346055

## खबर संक्षेप

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन मई 2026 के लिए जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर को गरियाबंद जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पंच के 15 पद एवं सरपंच के 1 रिक्त पद के लिए उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। जिसके लिए विकासखंड गरियाबंद के ग्राम पंचायत नांगाबुड़ा, विकासखंड देवभोग के ग्राम पंचायत माहूलकोट, विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत करकरा, रजनकट्टा, पीपरछेड़ी, सेम्हरा, पण्ड्रीपानी गोंड़ तथा विकासखंड मैनपुर के ग्राम पंचायत हरदीभाठा, भेजीपदर, गुरजीभाठा (अ) वार्ड क्रमांक 7 एवं 8, सगड़ा, गुरजीभाठा (टी), बुड़गेलटप्पा, कोयबा एवं खरीपथरा में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी एवं शिकायतें सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नंबर 94063–78849 पर उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के हाथों सम्मानित हुईं हेमलता

**महासमुंद।** सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता राजपूत ने बताया कि 11, 12 मई 2026 को दिल्ली के ताज होटल में सीआईआई फाऊंडेशन द्वारा आयोजित एनुवल बिजनेस सबिट 2026 के द्वारा भारत के 25 राज्यों से 20 विमेन एग्जाप्लर अवार्ड 2026 का घोषणा किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जिला महासमुंद से सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता राजपूत को महिला और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जो युवा महिला और बालिका व्यवस्था के अभाव ये पढ़ाई बीच में छोड़ देती है, उन्हें लगातार हेमलता द्वारा अच्छा माहौल प्रदान कर शिक्षा की मुख्य धारा से विभिन्न माध्यमों से जोड़ा गया। यह अवार्ड सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा प्रदान किया गया।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। योजना के तहत वर्तमान में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। पात्रता के लिए कक्षा 4 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड होना आवश्यक है। जिला धमतरी के लिए अनुसूचित जाति वर्ग से 3 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से 3 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

चयनित विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी के पालक की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी 20 जून तक अपने विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। शाला प्रमुख आवेदन परीक्षण कर 27 जून तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजेंगे।

### सेजेस पटेवा में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पटेवा में सत्र 2026-2027 के लिए प्रायमरी, मिडिल, हाईस्तर की कुल 6 कक्षाओं 2, 3, 4, 6, 7, 9 के लिए लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया संपन्न हो गई। सेजेस पटेवा के प्रांगण में प्रातः 9 बजे से 11.30 बजे चले प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवेदन करने वाले बच्चों के पालक दूर दराज क्षेत्र से बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा बड़ी संख्यां में क्षेत्र के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि तथा सामान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। चयनित विद्यार्थी यदि 20 मई तक अपना प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर पाते हैं तो उनका सीट प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को आबंटित कर दिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की ओर से पालक तथा उप सरपंच, ग्राम पंचायत पटेवा संतोष शर्मा ने विद्यालय प्रशासन को प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण करने पर हर्ष जताया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा करते हुए वर्तमान प्राचार्य (प्रभारी) अरुण कुमार बेनर्जी ने समस्त उपस्थित पालकों, नागरिक, जनप्रतिनिधिगण और विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

---

**समस्या : जंगलों में नदी-नाले पोखर तेजी से सूखने से वन्य प्राणी गांव के तरफ आ रहे**

# आगजनी के बाद बिगड़ी जंगल की सेहत वन्यप्राणियों के सामने चारे की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल के जंगल सहित उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगलों में गर्मी के शुरूआत फरवरी मार्च महिने में जगह-जगह भीषण आगजनी के कारण भारी पैमाने पर जंगल में आगजनी से भारी नुकसान हुआ है, आगजनी के बाद कई स्थानों पर दूर-दूर तक जंगल खाली नजर आ रहा है, आगजनी वाले जंगल में अभी तक हरे पत्ते नहीं आ पाए हैं, जिसके कारण शाकाहारी वन्य प्राणियों के सामने एक तरफ जहां चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है, वहीं यह पर्यावरण संतुलन के लिए भी घातक साबित हो रहा है, गर्मी के सीजन लगते ही क्षेत्र के जंगलों में भीषण आगजनी कि शिकायत लगातार मिलती रही है और उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज क्षेत्र सहित क्षेत्र के अधिकांश जंगलो में वन अग्नि ने यहां के जंगलों की सेहत बिगाड़ डाली है जिससे जहां पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। वहीं दूर्लभ वन औषधी व बड़ी मात्रा में पेड़-पौधे नष्ट हो गए हैं। जंगल के अंदर जगह- जगह भीषण आग लगने के बाद अब कुछ स्थनों में जंगल में दूर-दूर तक सिर्फ राख ही दिखाई दे रहे है। छोटे-छोटे पेड़ पौध जलकर नष्ट हो गए हैं। आग की तपिस ने जंगल के अंदर कई स्थानों पर दस दस फीट तक पेड़- पौधों को भारी क्षति पहुंचाई है जिसके चलते शाकाहारी वन्यजीवों के सामने चारा की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस भीषण गर्मी में जंगल के अंदर अधिकांश नदी- नाले पोखर सूख जाने और जंगल मे आग के बाद छोटे- छोटे पौधे व चारे नष्ट होने से वन्यप्राणी व्याकुल हो गए हैं खासकर शाकाहारी वन्यप्राणियों के सामन चारा पानी कि दिक्कते उत्पन्न हो गई है और वे प्यास बुझाने के लिए जंगल को छोड़ मानव बसाहट गांवो के आसपास मंडराने लगे हैं। जिसके कारण वन्यप्राणियों के शिकार की भी संभावनाएं बड़ गई है। कई वन्यप्राणी जब गांवों में प्यास बुझाने आते है तो वे आवारा कुत्तों के शिकार भी हो रहे हैं।

**वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने के लिए झरिया का निर्माण-** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल मे वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए जगह-जगह झरिया खोदा गया है और पानी की व्यवस्था किया जा रहा है। लेकिन सामान्य वन परिक्षेत्र में अभी भी झरिया खोदाई जिस हिसाब से होना चाहिए नहीं हो पा रहा है।



### वन्य प्राणी गांव के तरफ कर रहे रूख

क्षेत्र के जंगलों में तेज गर्मी और उमश के कारण नदी नाले पोखर तेजी से सुख रहे है जिसके कारण वन्य प्राणी गांव के तरफ रूख कर रहे है। इन दिनों जंगल को छोडकर गांव के तरफ वन्य प्राणी सांभर, चितल, भालू आने की सूचना प्रतिदिन मिल रही है जिससे जंहा एक ओर वन्य प्राणियों की सुरक्षा खतरे में दिखाई दे रही है क्योंकि ऐसे समय में शिकारी मौके का फायदा उठाते है वन विभाग द्वारा अधिकांश वन अपराध के मामलो में देखने को मिला है कि वन्य प्राणी प्यास बुझाने के लिए गांव के नजदीक आते है और अवैध शिकार हो जाते है,इसलिए गरियाबंद वनमंडल के जंगलो के भीतर सुख चूके नदी नालो में जगह जगह झरिया खोदने की भी जरूरत है वही दुसरी ओर गांव के तरफ वन्य प्राणियों के आने से लोगो के सुरक्षा की खतरा महसूस किया जा रहा है।

### पहाड़ी जंगलों को पहुंचा अपूरणीय नुकसान

मिली जानकारी के अनुसार जंगलों के अंदर लगातार आग लगने से सबसे ज्यादा नुकसान पहाड़ियों के प्राकृतिक जंगल को होता है उनके पेड़- पौधों को जो नुकसान होता है उसकी भरपाई किया जाना असंभव है क्योकि जमीनी ईलाको के जंगलों में फिर से पेड़- पौधे लगाए जा सकते हैं लेकिन पहाड़ों के प्राकृतिक पेड़- पौधों के नष्ट होने के बाद वहां दोबारा पेड़- पौधे उगाना असंभव सा होता है। इस वर्ष क्षेत्र के जंगलों में भीषण आगजनी से भारी क्षति पहुंची है जबकि हर वर्ष जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा कई तरह के कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। बड़ी संख्या में जंगल को आग से बचाने के लिए फायर वाचर अग्नि दस्ता नियुक्त किया जाता है और तो और सेटेलाईट के माध्यम से भी वनों में आग लगने की सुचना विभाग को मिलती रहती है बावजूद इसके लगातार आगजनी के कारण जंगल क्षेत्र की स्थिति बेहद खराब हो चली है। मैनपुर गरियाबंद व देवभोग मुख्य मार्ग में नेशनल हाइवे 130 सी के किनारे जगह-जगह जंगल के अंदर बड़ी भू भाग मे आग लगने के बाद उसके नुकसान व आगजनी से पेड़ पौधो के नष्ट होने के निशान अभी भी दिखाई दे रहा रहा है।

---

## पाण्डुका में जनगणना मकान सूचीकरण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका





जनगणना अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत पाण्डुका क्षेत्र के रजनकटा, अतरमरा, खट्टी, कुरुद, गाडाघाट सहित सभी ग्रामों में मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य पूरा कर लिया गया है। छुरा तहसीलदार मंयक अग्रवाल के निर्देशन एवं मास्टर ट्रेनरों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 से 30 मई तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रगणक मानिक साहू, गौतम साहू, ताम्रजध्वज साहू, बलराम साहू, और कृष्ण कुमार साहू मुन्ना लाल पटेल ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए सर्वे पूरा कर लिया। पाण्डुका क्षेत्र के सभी ग्रामों में भवन चिह्नांकन करते हुए विस्तृत आंकड़ा जनगणना पोर्टल पर संकलित किया गया। मकान सूचीकरण अभियान के दौरान पर्यवेक्षक विनोद सिन्हा,योगेश साहू एवं योगेन्द्र साहू फील्ड स्तर पर निगरानी रखकर आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए सभी जानकारी डिजिटल पोर्टल पर अपलोड की गई। प्रगणक मानिक साहू ने बताया कि इस बार की जनगणना पेपर लेस है, जिसमें सभी तरह की जानकारी डिजिटल माध्यम से भरी जा रही है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया गया जिसमें मकान के स्वरुप के तहत मकान के फर्स, दिवाल, छत आदि के साथ मकान की वास्तविक स्थिति तथा बिजली, पानी, शौचालय, पानी की निकासी, रसोई आदि 34 बिन्दु की जानकारी जनगणना के डिजिटल पोर्टल पर अपलोड की गई है। छुरा तहसीलदार मंयक अग्रवाल ने बताया कि मकान सूचीकरण आगामी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार करेगा। उन्होंने प्रगणकों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सीमित समय में सटीक और पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करना सराहनीय है। उन्होंने ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और संकुल समन्वयकों के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। प्रगणकों और सुपरवाइजरों को आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस जनगणना कार्य में सहयोग के लिए प्रगणक मानिक साहू, गौतम साहू, उत्तम भारती, बलराम साहू, सुपरवाइजर विनोद सिन्हा, योगेश साहू, योगेन्द्र साहू ने समस्त ग्राम वासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

## डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने शिक्षकों का सात दिवसीय आईसीटी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के निदेर्शानुसार डीजी दुनिया आईसीटी योजना के अंतर्गत शासकीय पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नवापारा में आयोजित सात दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा प्रणाली से जोड़ते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना रहा। प्रशिक्षण में अभनपुर विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के 176 शिक्षकों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर किशन सिंह ठाकुर द्वारा शिक्षकों को स्मार्ट क्लास संचालन, प्रोजेक्टर उपयोग, एलएमएस के माध्यम से डिजिटल कंटेंट का प्रयोग, कंप्यूटर संचालन तथा डिजिटल शिक्षण की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को तकनीकी एवं प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धति से जोड़ सकें। कार्यक्रम में चंद्रकांत धनकर द्वारा शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई) की उपयोगिता एवं शिक्षा में उसके महत्व की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण केंद्र की संपूर्ण व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग केंद्र प्राचार्य फाखरा खानम दानी द्वारा की गई। प्राचार्य दानी ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षकों का डिजिटल रूप से दक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व रुचिकर शिक्षा प्राप्त होगी। प्रशिक्षण में शिक्षकों की उपस्थिति एवं मूल्यांकन भी किया गया। स्थानीय शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।जिला में संचालित 199 स्कूल आईसीटी और डिजिटल क्लास रूम में ट्रेनिंग वा मॉनिटरिंग जिला समन्वयक ढाकेंद्र कुमार वा कंपनी एडिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा हैं।

## 14 लीटर महुआ शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे "नया सवेरा" अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 2800 रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध नशे के परिवहन और बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत थाना गरियाबंद पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र और पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी गरियाबंद ने अपनी टीम के साथ ग्राम केशोडार में दबिश दी। यहां एक घर के आंगन में अवैध रूप से शराब बिक्री और सेवन कराए जाने की सूचना पर रेड कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी गोपाल राम कमार (25 वर्ष), निवासी केशोडार, थाना गरियाबंद को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से कुल 14 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2800 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## तालाब गहरीकरण में जुटे 216 श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



सरपंच सुमन लेखराम रात्रे एवं उपसरपंच शंकर साहू ने श्रीफल व गमछा भेंट कर श्रमिकों का मान बढ़ाया गया। ग्राम पंचायत बेलर में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य में जुटे मजदूरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सुमन लेखराम रात्रे एवं उपसरपंच शंकर साहू ने श्रमिकों को श्रीफल एवं गमछा भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, पंचों, ग्राम समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बेलर में संचालित तालाब गहरीकरण कार्य में वर्तमान में कुल 216 मजदूर कार्यरत हैं। अब तक इस कार्य के अंतर्गत कुल 1272 मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर सरपंच सुमन लेखराम रात्रे ने कहा कि मजदूर किसी भी समाज और देश की प्रगति की मजबूत नींव होते हैं। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्वीकार करना और उन्हें उनके अधिकार प्रदान करना ही उनका सच्चा सम्मान है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की मेहनत से ही विकास कार्यों को गति मिलती है और गांव आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम समिति के सदस्यों ने भी मजदूरों के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में उपस्थित श्रमिकों ने पंचायत द्वारा किए गए सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

**सुशासन तिहार बना जनता की उम्मीद, समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान**

## वार्ड 5 में बोर खनन से दूर हुई पेयजल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



प्रदेश सरकार की जनहितकारी सोच एवं सुशासन तिहार अभियान का असर अब ज़मीन पर दिखाई देने लगा है। नगर पंचायत छुरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में आम जनता अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा रही है तथा समस्याओं का त्वरित निराकरण लगातार किया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 05 गादीकोट में लंबे समय से पेयजल समस्या से परेशान वार्डवासी शिविर में पहुंचे। जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने तत्काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद तेजी से कार्रवाई करते हुए बोर खनन कार्य पूर्ण कराया गया। समस्या के समाधान से खुश वार्डवासियों ने अध्यक्ष एवं नगर पंचायत टीम का आभार जताया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 04, 03, 02, गढ़िया पारा एवं आवास पारा से भी पेयजल संकट की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अध्यक्ष ने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था सुधारने हेतु युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। जहां आवश्यकता होगी वहां बोर खनन, पाइपलाइन सुधार एवं वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

**समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा-** वहीं सुशासन तिहार शिविर में कई स्थानों पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट की शिकायतें भी सामने आईं। अध्यक्ष के निर्देश पर जहां-जहां शिकायत प्राप्त हो रही है, वहाँ तत्काल नई स्ट्रीट लाइट लगाने एवं मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है। जनता ने प्रदेश सरकार, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पूरी टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि अब समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है और प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर कार्य कर रहा है। बोर खनन के अवसर पर पार्षद देवसिंग नेताम, परमानंद महराज, एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411